आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत 2047 प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आज नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुडे होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 के सपनों को सभी राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति और अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति का माध्यम है और देश सही दिशा में आगे बढ रहा है। इसने 100 सालों में एक बार आने वाली महामारी को हराया है।

हर्ष मल्होत्रा

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि हिमाचल को केंद्रीय बजट में बहुत कुछ मिला है और इस प्रदेश का नाम बजट में अंकित किया गया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हिमाचल में अनेक सड़क परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और केंद्रीय बजट से इन्हें बल मिलेगा। मल्होत्रा ने कहा कि हिमाचल को केंद्रीय आमदनी में से 10 हजार 3 सौ 51 करोड़ 82 लाख रुपये की राशि प्राप्त होगी और सड़कों, सुरंगों, कृषि, बागवानी और युवा शक्ति पर बजट में विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल बजट में भी हिमाचल को बड़ा बजट मिला है और प्रदेश की रेल परियोजनाओं को 2 हजार 6 सौ 98 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके माध्यम से भानुपल्ली–बिलासपुर, नंगल– तलवाड़ा और चंड़ीगढ़–बद्दी रेल लाईन के कार्य को गति मिलेगी। मल्होत्रा ने कहा कि शिमला–पालमपुर, बैजनाथ, पपरोला और अम्ब–इंदौरा में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व यूपीए सरकार के मुकाबले एनडीए सरकार ने हिमाचल को 2 सौ 64 फीसदी अधिक आर्थिक मदद दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट सर्वस्पर्शी है और इसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड बंद करने के राज्य सरकार के निर्णय पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है और पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को भी अब बंद किया जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि निजी अस्पतालों में ईलाज करवाने के लिए हिमकेयर योजना लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, लेकिन राज्य सरकार का इसे बंद करने का फैसला पूरी तरह गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में चिकित्सा सेवाएं चरमरा गई हैं और डायिलिसिस जैसी सुविधा के लिए मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश व प्रदेश के बाहर एक सौ 41 निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हिमकेयर योजना की सुविधा दी थी, मगर अब कांग्रेस सरकार इसे बंद करने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर राजनैतिक बदले की भावना से कार्य करने का आरोप भी लगाया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 12वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाईल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

मिंजर मेला

चंबा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला कल से शुरू हो रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले का शुभारम्भ करेंगे जबकि चार अगस्त को समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक संध्याओं में पंजाब व मुम्बई के कलाकारों के अलावा हिमाचली व स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज मॉनसून की भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने, भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा न करने और नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।